# प्रथम लिखित कसोटी -२०१६

दिनांक : २१/१०/२०१६ कक्षा : ७ समय : ११:०० से १४:००

वार : शुक्रवार विषय : हिन्दी कुल अंक : ८०

छात्र का नाम : ____________________ बैठक क्रमांक : ________

सूचना : (1) सभी प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तरवही में लिखें ।

प्रश्न-१ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए । (10)

(१) 'लुटेरा' शब्द का अर्थ ढूँढकर लिखिए ।
(A) डाकू (B) खिलाडी (C) यात्री (D) मुसाफिर

(२) भाववाचक संज्ञा ढूँढकर लिखिए ।
(A) रवि (B) अच्छाई (C) भारत (D) हिमालय

(३) 'उदगार वाचक' का चिह्न ढूँढकर लिखिए ।
(A) ? (B) ! (C) – (D) ।

(४) डॉ. विक्रम साराभाई .............. थे ।
(A) डॉक्टर (B) वैज्ञानिक (C) शिक्षक (D) संगीतकार

(५) राधनपुर नाम का नगर ........... जिले में है ?
(A) पाटन (B) अहमदाबाद (C) मेहसाना (D) बनासकांठा

(६) अलग शब्द ढूँढकर लिखिए ।
(A) पंथ (B) रास्ता (C) राह (D) मंजिल

(७) बनजारे का नाम क्या था ?
(A) लाखा (B) मोहन (C) रोहन (D) निकुल

(८) चिड़ियाँ खुशी के गीत कब गाती हैं ?
(A) रात (B) शाम (C) सुबह (D) दोपहर

(९) बनजारा अपना मालसामान किस पर लादकर ले जाता था ?
(A) गधे (B) घोड़े (C) कुत्ता (D) ऊँट

(१०) 'धूम्रपान वर्जित है ।' कहाँ पर नही लिखा होता है ?
(A) अस्पतालमें (B) बस में (C) घर में (D) बेंक में

Scanned by CamScanner

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए (सात में से किन्ही छः)। (6)

(१) टायर के अलावा फटनेवाली चीजों के नाम बताइए ।

(२) पृथ्वी पर हरियाली कब छा जाती है ?

(३) बनजारेने शेठ के पास जमानत के तौर पर क्या रखा ?

(४) माला में क्या गूँथा है ?

(५) 'हिन्द देश के निवासी' काव्य में कौन-कौन सी नदीयों के नाम हैं ?

(६) डॉ. विक्रमसाराभाई के पिता का नाम क्या था ?

(७) साधु पुरूष कैसा होना चाहिए ?

प्रश्न-२ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्य में लिखिए। (पाँच में से किन्ही चार) (8)

(१) हिन्दवासियों में कैसी विविधताएँ है ?

(२) आपको प्रभु की याद कब आती है ?

(३) सेठ ने कुत्ते को क्यों मुक्त कर दिया ?

(४) लोग कहाँ-कहाँ कतार में खड़े रहते हैं ?

(५) नदीयों से हमे क्या संदेश मिलता है ?

(ब) निम्नलिखित रिक्तस्थानों की पूर्ति किजिए। (5)

(१) वह ____________ जा रहा है ? (कौन, किस)

(२) डॉ. विक्रमसाराभाई ____________ पर कलाबाहियाँ करते थे ।

(साइकिल, स्कूटर)

(३) रातको कुत्ता ____________ करता था । (सोता, रखवाली)

(४) हमें सदा ____________ बोलना चाहिए । (सच, झूठ)

(५) लाखाने कुत्ते के सिर पर ____________ से प्रहार किया । (लाठी, चाकू)

(क) विरामचिह्नों का उचित प्रयोग कीजिए। (3)

(१) फूल तोड़ना मना हैं

(२) वाह कितना सुंदर दृश्य है

(३) धारा रात-दिन पढ़ती रहती है

प्रश्न-३ (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए। (चार में से किन्ही तीन)

(१) 'गरीब के हाय' के लिए कौन सा उदाहरण दिया है ? (6)

Scanned by CamScanner

(२) टायर फटने के बाद क्या-क्या हुआ ?

(३) कुत्ते को वफादार प्राणी क्यों कहा गया है ?

(४) हमें बगीचे में क्या नहीं करना चाहिए ?

**(ब) काव्यपंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। (किन्ही एक)** (4)

(१) हिन्द देश के ............................................

..........................................................

..........................................................

...................................... माला में एक हैं ।

(२) तुलसी इस संसार में, .................................. ।

.......................................................... ॥

.......................................................... ।

............ ....................., लौह भस्म हो जाय ॥

**(क) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए। (तीन में से किन्ही दो)** (4)

(१) हृदय हिला देना -

(२) मार खा जाना -

(३) नौ-दो ग्यारह होना -

**(ड) निम्नलिखित शब्दों का शब्दकोश के क्रम में लिखिए।** (2)

पर्यटन, हलदी, अपूर्व, कार्य

**प्रश्न-४ (अ) निम्नलिखित कहावतों का अर्थ लिखिए। (तीन में से किन्ही दो)** (4)

(१) आम के आम गुठलियों के दाम।

(२) जैसी करनी वैसी भरनी।

(३) काला अक्षर भैंस बराबर ।

**(ब) निम्नलिखित वाक्यों मे से संज्ञा पहचानकर उसका प्रकार लिखिए। (किन्ही तीन)** (3)

(१) सभा में कई लोग इकट्ठे हुए ।

(२) क्षमा वीरों का आभूषण है ।

(३) मनुष्य अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ है ।

(४) गांधीनगर गुजरात की राजधानी है ।

**(क) निम्नलिखित वाक्यो में से सर्वनाम पहचानकर उसका प्रकार लिखिए।** (3)

(१) हम मैच जीत गए ।

(२) वह लड़का है ।

Scanned by CamScanner

(३) मैं स्वंय चला जाऊँगा ।

(४) वह आप ही चला गया ।

**(ड) समानार्थी शब्द की जोड़ बनाकर लिखिए।** (4)

| | |
|---|---|
| बाग | पक्षी |
| पंछी | आँचल |
| चीनी | बगीचा |
| गोद | शक्कर |

**(इ) विलोम शब्द की जोड़ बनाकर लिखिए।** (2)

| | |
|---|---|
| सुबह | रात |
| जंगली | शाम |
| दिन | पालतू |

**प्रश्न-५ (अ) निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर आठ-दस वाक्यों में निबंध लिखिए। (किन्ही एक)** (8)

(१) मेरी माँ

(२) मेरा प्रिय त्यौहार

(३) डॉ. विक्रम साराभाई

**(ब) ढाँचे पर से कहानी लिखिए।** (6)

एक नौकर द्वारा हार चोरी करना – सेठ का सभी नौकरों से पूछना – किसी का चोरी कबूल न करना – सेठ द्वारा युक्ति – सबको सात-सात इंच की लकड़ी देना – जादू की छड़ी होने की बात कहना – दूसरे दिन दिखाने का कहना – चोर की एक इंच लकडी बढ़ जाएगी – घर जाकर हार चुरानेवाले नौकर का इंच लकड़ी काटना – दूसरे दिन पकडा जाना ।

**(क) निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन कीजिए। (किन्ही दो)** (2)

राजा, ग्वाला, सेठ

Scanned by CamScanner